an>

Title: Need to ensure regular meeting of district committees for monitoring the progress of rural electrification in the States particularly in Sant Kabir Nagar district, Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर) ः दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत हो रहे प्रगति कार्यों की पर्याप्त सूचनाएं सांसदों को नहीं दी जा रही है। इसके लिए विद्युत वितरण निगमों की तरफ से कोई पहल नहीं की जा रही है, जो अत्यंत चिंता का विषय है। यहां इस बात का उल्लेख करना अत्यंत आवश्यक हो गया है कि सांसद जिला विद्युतीकरण समिति का अध्यक्ष होता है लेकिन बड़े खेद क साथ कहना पड़ रहा है कि मेरे अपने क्षेत्र की संत कबीर नगर जिले की विद्युतीकरण समिति की कोई बैठक बुलाई नहीं गई है, जबकि वास्तविकता यह है कि अब तक जिलों को केंद्र सरकार द्वारा बीस करोड़ रूपये आवंटित किये जा चुके हैं लेकिन इससे संबंधित प्रगति की जानकारी बतौर सांसद नहीं दी गई है। इस संबंध में मैं सरकार से मांग करता हूं कि यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि जिला विद्युतीकरण समिति की नियमित बैठक हो और सांसदों को मासिक रिपोर्ट प्रेषित की जाये।